दिनांक : 15.05.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

पीएम मोदी और UAE राष्ट्रपति की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने ऊर्जा सहयोग और व्यापार पर चर्चा की। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से तेल और गैस आपूर्ति प्रभावित हो रही है, इसलिए यह बैठक अहम मानी जा रही है। यूएई के एक वरिष्ठ मंत्री ने प्रधानमंत्री को अपने देश में बेहद सम्मानित नेता बताया।

शिक्षा मंत्री- नीट परीक्षा

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को 14 जून तक प्रवेश पत्र मिल जाएंगे। उन्होंने बताया कि अगले साल से यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित यानी CBT मोड में होगी। मंत्री ने कहा कि एनटीए में बड़े सुधार जरूरी हैं ताकि भविष्य में धांधली न हो। श्री प्रधान ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी मेधावी छात्र शिक्षा माफिया की साजिश की वजह से अपने हक से वंचित रहे।

विदेश मंत्री- ब्रिक्स

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत बेहतर और असरदार वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए सभी साझेदारों के साथ काम करेगा। नई दिल्ली में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में बदलाव की सख्त जरूरत है। उनका कहना था कि नई व्यवस्था में विकासशील देशों और उभरते बाजारों की बात सुनी जानी चाहिए।

मोहन यादव- उज्जैन निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में राम घाट पहुंचकर सड़क चौड़ीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी काम तेजी और गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये कार्य उज्जैन को लंबे समय तक फायदा पहुंचाएंगे। इस दौरान उन्होंने होमगार्ड जवानों के बाढ़ बचाव प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया। 250 जवानों को डीप डाइविंग और अंडरवाटर रेस्क्यू समेत 15 दिन की ट्रेनिंग दी जा रही है।

एमपी UCC लागू करने की तैयारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की दिशा में काम शुरू हो गया है। इसके लिए समिति का गठन हो चुका है और उसकी पहली बैठक भी संपन्न हो गई है। डॉ. यादव ने बताया कि सरकार सभी वर्गों और समाजों से सुझाव लेकर आगे की राह तय करेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और संविधान को ध्यान में रखते हुए ही आगे बढ़ा जाएगा।

प्रदेश में शुरू हुई 'शौर्य संकल्प' योजना

प्रदेश में आज से 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' की शुरुआत हो गई है। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने भोपाल के समन्वय भवन में इसका शुभारंभ किया। इस योजना के तहत ओबीसी वर्ग के 4 हजार युवाओं को सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भर्ती के लिए तैयार किया जाएगा। प्रदेश के 20 जिलों में 45 दिन का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। युवाओं को रोज 4 घंटे पढ़ाई और 3 घंटे शारीरिक प्रशिक्षण के साथ रहना, खाना और स्टाइपेंड भी मुफ्त मिलेगा।

देवास पटाखा हादसा: मोहन यादव

देवास के टोंककला में पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली से कल सीधे इंदौर पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने चोइथराम, एमवाय और अमलतास अस्पताल में भर्ती घायलों का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और घायलों को निःशुल्क इलाज देने के निर्देश दिए। कल सुबह हुए इस हादसे में तीन मजदूरों की मौत हुई थी।

ईपीएल

आईपीएल में कल मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 200 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 205 रन बना लिए। वहीं आज शाम साढ़े सात बजे लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला लखनऊ में होगा।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्से इन दिनों भीषण लू की चपेट में हैं। मौसम केंद्र भोपाल ने अगले 4 दिन तक गर्मी का अलर्ट जारी किया है। कल शाजापुर और छतरपुर के नौगांव में सबसे ज्यादा 44.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इंदौर, उज्जैन, रतलाम और देवास में 15 से 17 मई तक तीव्र लू की चेतावनी है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों से अपील की है कि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच जरूरी काम हो तभी घर से निकलें।

संक्षिप्त समाचार

- आगरमालवा में श्रम विभाग द्वारा कल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम योगी मानधन योजना के पंजीयन किए गए।

- झाबुआ कलेक्टर की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभा कक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई।